BCM SCHOOL BASANT AVENUE DUGRI Ludhiana

Class-8 Hindi (Work sheet No1)

अपठित गद्याश,पाठ **1** ,पाठ **2**

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

हम समाज का अर्थ समझते हैं- नारी और पुरुषों का समूह,किन्तु समाज का वास्तविक अर्थ यह नहीं है।इसका सही अर्थ है -एक साथ मिलकर चलना।सामाजिक प्रगति का अर्थ होता है - एक साथ चलते हुए आपसी एकता को मज़बूत बनाना।सामाजिक जागरूकता कैसे पैदा की जा सकतीहै?सामाजिक चेतना जब एक विशेष आदर्श से प्रभावित होती है और लोगों में उस आदर्श के कारण एक नव-जागरण पैदा होता है अल्प चेन तभी सामाजिक जागरूकता संभव होती है। यह बात कई तत्वों पर निर्भर करती है। सबसे महत्वपूर्ण तत्व है -एक महान व्यक्तित्व का नेतृत्व। जब तक इसकी कमी रहेगी, तब तक सुंदर और मज़बूत बातो का निर्माण नहीं हो सकता,सामाजिक परिवर्तन की बात तो दूर रही। समाज को सही पथ पर आगे बढ़ाने के लिए दो बातों का होना ज़रूरी है -एक महान आदर्श और एक महान व्यक्तित्व । इसी लिए अब हमारा पहला कर्तव्य है समाज का निर्माण करना। मनुष्य की अभिव्यक्तियाँ और चलने की राहें भी अनेक हैं।ये सारे कर्म मनुष्य की संस्कृति है।एक समूह के व्यक्ति के साथ दूसरे समूह के व्यक्ति की अभिव्यक्ति के तरीक़ों में भिन्नता हो सकती है।जैसे एक समूह के व्यक्ति अपने हाथों से खाते हैं,तो दूसरे समूह के व्यक्ति चम्मच से खाते हैं, किन्तु सब की संस्कृति एक ही है।इसलिए मानव -समाज की संस्कृति अविभाज्य है।विभिन्न अभिव्यक्तियों मैं जहाँ संयम और विवेक दिखाई पड़े, वही सभ्यता है।उदाहरण- खाना जीवन की एक सांस्कृतिक अभिव्यक्ति है। जब कोई व्यक्ति सोचता है कि अधिक खाने से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, इसलिए कम खाना लाभप्रद है। ऐसे विवेकशील व्यक्ति को सभ्य कहा जाता है।

प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(5)

1)प्रश्न: सामाजिक जागरूकता किस पर निर्भर करती है?

2)प्रश्न: मनुष्य का सबसे पहला कर्तव्य क्या होना चाहिए?

3)समाज का वास्तविक अर्थ क्या है?

4)प्रश्न: सांस्कृतिक विकास कब होता है?

5)प्रश्न:सारे कर्म मनुष्य की —------ है।

प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(5)

1)प्रश्नःकवि ने “धूल भरे हीरे” किसे कहा है?

प्रश्नःकवि

2)प्रश्नःचौथे भाई ने मेहमानों से क्या बहाना बनाया?

3)प्रश्नःकुलीन परिवार को खाने-पीने के लाले पढ़ने पर क्या किया?

4)प्रश्नःचारों भाइयों का स्वभाव कैसा था?

5)प्रश्नःउनके बग़ीचे में कौन सा पेड़ लगाना था?

6)वर्ण- विच्छेदन कीजिए।(2)

संगीत-

राष्ट्रीय-

7)भाववाचक संज्ञा में परिवर्तन कीजिए।(2)

दुश्मन-

भला-

8) गाँव में रहने वाला (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो)